# कर्मचारियों के अधिकारों का बिल (बिल ऑफ राइट्स)

NYC Consumer Affairs

Bill de Blasio
Mayor

Lorelei Salas
Commissioner

हिंदी | Hindi

**NYC में कर्मचारियों को अधिकार प्राप्त हैं फिर चाहे उनकी आव्रजन स्थिति कोई भी क्यों न हो।**

# उपभोक्ता मामलों का विभाग (Department of Consumer Affairs, DCA) श्रम नीति एवं मानक कार्यालय (Office of Labor Policy & Standards, OLPS) कर्मचारियों के लिए NYC का केन्द्रीय संसाधन है।

DCA से सम्पर्क करने के लिए:

- 311 (212-NEW-YORK NYC के बाहर) पर कॉल करें।
- OLPS@dca.nyc.gov पर ईमेल भेजें
- nyc.gov/dca पर जाएं।


## विषय-सूची

# आपके अधिकार

सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश . . . . . . . . . . 2
संगठित होने का अधिकार . . . . . . . . . . 3
न्यूनतम मजदूरी . . . . . . . . . . 4
ओवर टाइम . . . . . . . . . . 5
भेदभाव मुक्त कार्यस्थल . . . . . . . . . . 6
स्वतंत्र ठेकेदार के तौर पर किये गये काम के लिए भुगतान . . . . . . . . . . 7
सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल . . . . . . . . . . 8

# उद्योग और कर्मचारी-विशिष्ट संरक्षण

कपड़ा उद्योग . . . . . . . . . . 9
भवन-निर्माण सेवा कर्मचारी . . . . . . . . . . 9
निर्माण-कार्य कर्मचारी . . . . . . . . . . 10
घरेलू कर्मचारी . . . . . . . . . . 10
फास्ट फूड कर्मचारी . . . . . . . . . . 11
सरकारी अनुबंध कार्य . . . . . . . . . . 11
ग्रोसरी कर्मचारी . . . . . . . . . . 12
नाबालिग . . . . . . . . . . 12
नेल सैलून कर्मचारी . . . . . . . . . . 12
टिप प्राप्त करने वाले कर्मचारी . . . . . . . . . . 13



# सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश

यदि आप NYC में एक साल में 80 से अधिक घंटों तक काम करते हैं, तो आप प्रत्येक वर्ष स्वयं के इस्तेमाल के लिए या किसी भी उस व्यक्ति की मदद के लिए जिसे आप परिवार मानते हैं, 40 घंटे तक का सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश अर्जित कर सकते हैं।

अस्वस्थता अवकाश का इस्तेमाल देखभाल और उपचार के लिए करें।

सुरक्षा अवकाश का इस्तेमाल घरेलू हिंसा, अवांछित यौन संपर्क, पीछा करने (stalking) या मानव तस्करी के किसी भी कार्य या जोखिम के लिए सहायता प्राप्त करने या अन्य सुरक्षा उपाय करने के लिए करें।

यदि आपके नियोक्ता के पास पांच या अधिक कर्मचारी हैं तो आपको सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश अवकाश प्राप्त करने का अधिकार है।

यदि आपके नियोक्ता के पास पांच से कम कर्मचारी हैं तो आपको बिना वेतन का सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश प्राप्त करने का अधिकार है।

यदि आप घरेलू (डोमेस्टिक) कर्मचारी हैं तो कृपया पृष्ठ 10 का संदर्भ लें।

आपके सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश का अनुरोध करने या लेने की वजह से किसी नियोक्ता का आपके खिलाफ़ प्रतिशोधात्मक कार्रवाई करना गैरकानूनी है।

जानकारी के लिए या DCA के पास शिकायत दर्ज करने के लिए:

- **311** (212-NEW-YORK NYC के बाहर) पर कॉल करें
- **nyc.gov/PaidSickLeave** पर जाएं
- ईमेल-**PSSL@dca.nyc.gov**

*संघीय कानून के तहत, आपको निम्न स्थितियों में काम से बिना वेतन का अतिरिक्त अवकाश प्राप्त करने का अधिकार हो सकता है:* कुछ कर्मचारी जो उन नियोक्ताओं के लिए काम करते हैं जिनके पास 50 से अधिक कर्मचारी हैं, वे प्रत्येक वर्ष खुद की या परिवार के किसी सदस्य की देखभाल करने के लिए या नए बच्चे के साथ रिश्ता बनाने के लिए 12 सप्ताह तक का बिना वेतन का अवकाश ले सकते हैं। यह अवकाश एक ही समय में सारा लिया जा सकता है या अलग-अलग समय पर।

*जनवरी 2018 से, न्यूयॉर्क में ज़्यादातर कर्मचारी एक नए बच्चे के साथ रिश्ता बनाने, किसी गंभीर स्वास्थ्य स्थिति वाले करीबी रिश्तेदार की देखभाल करने, या कुछ सैन्य परिवार की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए सवैतनिक पारिवारिक अवकाश लेने के पात्र होंगे।* छुट्टी और वेतन की राशि चार सालों में लागू होगी, जो कि 2018 में आठ सप्ताह से शुरू होगी, कर्मचारी के वेतन का 50% पर भुगतान किया जाएगा।

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**U.S. Department of Labor**
866-487-9243 | dol.gov/whd

**U.S. Department of Labor Division Office in NYC**
212-264-8185

**New York State Paid Family Leave**
844-337-6303 | ny.gov, "Paid Family Leave" तलाश करें



## संगठित होने का अधिकार

आप अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर काम संबंधी मुद्दों के बारे में कई प्रकार की गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं, जिसमें आप एक यूनियन द्वारा प्रतिनिधित्व करना चाहते हैं या नहीं, भी शामिल है। कामकाजी परिस्थितियों के बारे में अपने सहकर्मियों के संगठित होने या बात करने के लिए नियोक्ता आपको धमकी नहीं दे सकते हैं, आपके खिलाफ भेदभाव नहीं कर सकते हैं या अन्यथा आप पर कार्रवाई नहीं कर सकते हैं।

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**National Labor Relations Board**
866-667-NLRB | 866-667-6572 | NLRB.gov

अगले पृष्ठ पर जारी है >

**New York Regional Office (Manhattan/Bronx)**
26 Federal Plaza, Room 3614
New York, NY 10278
212-264-0300

**Brooklyn Regional Office**
**(Brooklyn/Queens/Staten Island)**
2 MetroTech Center
100 Myrtle Avenue, 5th Floor
Brooklyn, NY 11201
718-330-7713



## न्यूनतम मजदूरी

आपको हर उस घंटे के लिए भुगतान किया जाना ज़रूरी है जब आपने काम किया है, जिसमें आपकी निर्धारित शिफ्ट के पहले और/या बाद का काम और काम के दिन के दौरान यात्रा पर व्यतीत किया गया समय शामिल है।

31 दिसम्बर 2017 से, ये न्यूनतम वेतन दरें लागू होती हैं:

| **न्यूयॉर्क सिटी में न्यूनतम वेतन – दर निर्धारण** | **12/31/17** | **12/31/18** | **12/31/19** |
|---|---|---|---|
| **फास्ट फूड नियोक्ता** | | | |
| कर्मचारी चाहे कितने भी हों | $13.50 | $15.00 | |
| **अन्य सभी नियोक्ता** | | | |
| 10 या कम कर्मचारी | $12.00 | $13.50 | $15.00 |
| 11 या अधिक कर्मचारी | $13.00 | $15.00 | |

*टिप प्राप्त करने वाले कर्मचारियों के लिए विशेष दरें हैं।*

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**New York State Department of Labor**
888-469-7365 | labor.ny.gov

**New York State Department of Labor – NYC District Office**
212-775-3880

**U.S. Department of Labor – Division Office in NYC**
212-264-8185

## ओवर टाइम

यदि आप एक सप्ताह में 40 घंटे से अधिक काम करते हैं, तो आपके नियोक्ता का 40 घंटों से अधिक काम किये गये घंटों के लिए कम से कम आपके वेतन की नियमित दर का 1.5 गुना भुगतान करना ज़रूरी है।


जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**New York State Department of Labor**
888-469-7365 | labor.ny.gov

**New York State Department of Labor – NYC District Office**
212-775-3880

**U.S. Department of Labor**
866-487-9243 | dol.gov/whd

**U.S. Department of Labor – Division Office in NYC**
212-264-8185



## भेदभाव मुक्त कार्यस्थल

शहरी, राज्य और संघीय कानून किसी कर्मचारी के साथ निम्न आधार पर किये जाने वाले भेदभाव को निषिद्ध करते हैं:

- उम्र
- अलगाव या नागरिकता स्थिति
- रंग
- विकलांगता या महसूस की जाने वाली विकलांगता
- यौन, लिंग, या लिंग पहचान (यौन उत्पीड़न भी शामिल है)
- वैवाहिक या साझेदारी स्थिति
- राष्ट्रीय मूल
- गर्भावस्था
- जाति
- धर्म/पंथ
- यौन अभिविन्यास
- गिरफ्तारी या सज़ा का रिकॉर्ड
- देखभालकर्ता की स्थिति
- उपभोक्ता क्रेडिट इतिहास
- बेरोज़गारी की स्थिति
- घरेलू हिंसा का शिकार, पीछा करना, और यौन संबंधी अपराध
- भेदभावपूर्ण व्यवहारों का विरोध करने पर प्रतिशोध
- जेनेटिक्स
- पारिवारिक स्थिति
- सैन्य स्थिति

कानून किसी भी ऐसे निर्णयों में भेदभाव पर प्रतिबंध लगाता है जो रोज़गार की शर्तों और स्थिति को प्रभावित करते हैं।

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**NYC Commission on Human Rights**
311 या 718-722-3131 पर कॉल करें | nyc.gov/humanrights

**U.S. Equal Employment Opportunity Commission**
800-669-4000 | eeoc.gov

**New York State Division of Human Rights**
888-392-3644 | dhr.ny.gov

# स्वतंत्र ठेकेदार के तौर पर किये गये काम के लिए भुगतान



यदि आप NYC में फ्रीलांस कर्मचारी हैं, तो आपके पास कानूनी अधिकार हैं, जिनमें शामिल हैं:

- **लिखित अनुबंध**
  $800 या इससे अधिक के सभी अनुबंध अवश्य लिखित रूप में हों। इसमें आपके और नियुक्त की गई पार्टी के बीच ऐसे सभी करार सम्मिलित हैं जिनका योग 120 दिन की किसी अवधि में $800 हो। लिखित अनुबंध में आपके द्वारा किए जाने वाले काम; काम के लिए वेतन; और आपको भुगतान प्राप्त होने की तारीख का वर्णन अवश्य होना चाहिए। आपको और नियुक्त पार्टी को अपने पास लिखित अनुबंध की प्रति अवश्य रखनी चाहिए।

- **समय पर भुगतान**
  नियुक्त करने वाली पार्टी को आपको पूरे किए गए सारे काम के लिए भुगतान अवश्य करना चाहिए। आपको अनुबंध में लिखी तारीख पर या उससे पहले भुगतान अवश्य प्राप्त होना चाहिए। यदि अनुबंध में भुगतान की तारीख सम्मिलित नहीं है, तो नियुक्त करने वाली पार्टी को आपके द्वारा काम पूरा करने के 30 दिनों के भीतर भुगतान अवश्य करना होगा।

- **मुकदमा चलाने का अधिकार**
  आप हर्जाना प्राप्त करने के लिए अदालत में नियुक्त करने वाली पार्टी के विरुद्ध मुकदमा चला सकते हैं। यदि आपके काम के लिए आपको समय पर भुगतान नहीं किया जाता, तो आपके पास उस काम के लिए दोगुनी राशि प्राप्त करने जिसका आपको भुगतान नहीं किया गया था, बदले के लिए हर्जाने और वकील की फीसों का भुगतान और मुकदमे की लागत प्राप्त करने का अधिकार है।

जानकारी के लिए या DCA के पास शिकायत दर्ज करने के लिए:

- **311** (212-न्यूयॉर्क NYC के बाहर) पर कॉल करें।
- **Freelancer@dca.nyc.gov** पर ईमेल लिखें
- **nyc.gov/dca** पर जाएं।

## सुरक्षित और स्वस्थ कार्यस्थल



आपके कार्यस्थल का ज्ञात स्वास्थ्य और सुरक्षा खतरों से मुक्त होना ज़रूरी है। आपको नौकरी पर खतरों के बारे में जानकारी और प्रशिक्षण प्राप्त करने का भी अधिकार है।

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**Occupational Safety and Health Administration (OSHA)**
800-321-OSHA | 800-321-6742 | OSHA.gov

**Manhattan Area Office**
201 Varick Street, Room 908
New York, NY 10014
212-620-3200

**Queens District Office of the Manhattan Area Office**
45-17 Marathon Parkway
Little Neck, NY 11362
718-279-9060

यदि आपको काम पर होने के दौरान कोई चोट लग जाती है, फिर चाहे दोष किसी का भी क्यों न हो, तो आप अपने वेतन और चिकित्सा उपचार के कुछ हिस्से को कवर करने के लिए मुआवजा प्राप्त करने के पात्र हो सकते हैं।

जानकारी के लिए या कर्मचारियों के मुआवजे के लिए कोई दावा दायर करने के लिए, सम्पर्क करें:

**New York State Workers' Compensation Board**
877-632-4996 | wcb.ny.gov

**Brooklyn District Office (Brooklyn, Staten Island)**
111 Livingston Street, 22nd Floor
Brooklyn, NY 11201

**Manhattan District Office (Bronx, Manhattan)**
215 West 125th Street
New York, NY 10027

**Queens District Office**
168-46 91st Street, 3rd Floor
Jamaica, NY 11432

## कपड़ा उद्योग

कपड़ा उद्योग के कर्मचारियों को कम से कम राज्य के प्रति घंटा न्यूनतम वेतन और ओवरटाइम का भुगतान किया जाना ज़रूरी, भले ही वे प्रति पीस पर ही काम क्यों न कर रहे हों। नियोक्ता को न्यूयॉर्क में संचालित करने के लिए न्यूयॉर्क राज्य के श्रम विभाग (New York State Department of Labor) के साथ पंजीकरण करना होगा।

अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें:

- **labor.ny.gov** “Apparel Industry Task Force” (न्यूयॉर्क राज्य) की तलाश करें
- **dol.gov** और “Wage and Hour Division” (संयुक्त राज्य अमेरिका) की तलाश करें

## भवन-निर्माण सेवा कर्मचारी

जिस प्रकार के भवन में आप काम करते हैं उसके आधार पर, आप किसी कानून द्वारा कवर किए जा सकते हैं जिसके अनुसार आपके नियोक्ता को न्यूनतम वेतन से अधिक वेतन दर का भुगतान करने की आवश्यकता होती है।

अधिक जानकारी के लिए, **labor.ny.gov** पर जाएं और “building service industry” की तलाश करें।

NYC के विस्थापित भवन-निर्माण सेवा कर्मचारी अधिनियम में पहले से मौजूद भवन-निर्माण सेवा कर्मचारियों को बनाए रखने के लिए कुछ नए भवन मालिकों, प्रबंधकों, ठेकेदारों और वाणिज्यिक पट्टेदारों के लिए 90-दिवसीय पारगमन अवधि की आवश्यकता होती है। पारगमन अवधि के समाप्त होने पर, अगर नया नियोक्ता आपके कार्य प्रदर्शन को संतोषजनक समझता है तो आपको निरंतर रोज़गार की पेशकश की जानी ज़रूरी है।

अगले पृष्ठ पर जारी है >

जानकारी के लिए DCA के श्रम नीति एवं मानक कार्यालय से सम्पर्क करें:

- **OLPS@dca.nyc.gov** पर ईमेल भेजें
- **nyc.gov/dca** पर जाएं।

## निर्माण-कार्य पर लगे हुए कर्मचारी

यदि आप न्यूयॉर्क राज्य में एक निर्माण-कार्य पर लगे कर्मचारी हैं, तो आपको आमतौर पर कार्यस्थल कानूनों द्वारा संरक्षित एक कर्मचारी माना जाता है। यदि आप एक ऐसे निर्माण कर्मचारी-कार्य पर लगे की तरह कार्य कर रहे हैं, जिसे स्वतंत्र ठेकेदार की तरह माना जाता है तो आपको कानूनी सलाह प्राप्त करनी चाहिए।

अधिक जानकारी के लिए, **labor.ny.gov** पर जाएं और “construction workers” की तलाश करें।

## घरेलू कर्मचारी

यदि आप सवैतनिक देखभाल कर्मचारी हैं, जैसे कि दाई, घरेलू सफाईकर्मी, या घरेलू स्वास्थ्य सहयोगी, तो न्यूयॉर्क घरेलू कर्मचारियों के अधिकारों का बिल आपको ओवरटाइम के भुगतान, एक साप्ताहिक अवकाश दिवस, प्रत्येक वर्ष तीन सवैतनिक अवकाश दिवस, और यौन और जातीय उत्पीड़न में संरक्षण प्राप्त करने का अधिकार देता है। शहर का सवैतनिक सुरक्षा एवं अस्वस्थता अवकाश कानून आपको हर साल तीन वार्षिक सवैतनिक अवकाश दिवसों के साथ-साथ अस्वस्थता और सुरक्षा अवकाश प्रयोजनों के लिए अवकाश देता है।

अधिकारों और संसाधनों के बारे जानकारी के लिए DCA के श्रम नीति एवं मानक के कार्यालय के भीतर भुगतान प्राप्त देखभाल डिवीजन से सम्पर्क करें:

- **311** (212-NEW-YORK NYC के बाहर) पर कॉल करें।
- **PaidCare@dca.nyc.gov** पर ईमेल लिखें
- **nyc.gov/dca** पर जाएं।

और जानकारी के लिए, **labor.ny.gov** पर जाएं और “domestic worker” की तलाश करें।

## फास्ट फूड कर्मचारी

नीचे 2017 और 2018 में न्यूनतम वेतन दरें दी गई हैं।

| दर निर्धारण | 12/31/17 | 12/31/18 |
|---|---|---|
| | $13.50 | $15.00 |

अधिक जानकारी के लिए, **labor.ny.gov** पर जाएं और “fast food workers” की तलाश करें।

## सरकारी अनुबंध कार्य

कुछ व्यवसाय जो सरकारी एजेंसियों के साथ सार्वजनिक कामकाजी परियोजनाओं को पूरा करने या कुछ सेवाओं को पूरा करने के लिए अनुबंध करते हैं, उन्हें कर्मचारियों को या तो “प्रचलित वेतन दर” या “जीवित वेतन दर” का भुगतान करना पड़ सकता है, जो न्यूनतम वेतन से अधिक होती हैं और लाभ या कोई अतिरिक्त वेतन पूरक प्रदान करती हैं।

अधिक जानकारी के लिए विज़िट करें:

- **comptroller.nyc.gov** और “Prevailing Wage” (न्यूयॉर्क शहर) की तलाश करें
- **labor.ny.gov** और “The Bureau of Public Work” (न्यूयॉर्क राज्य) की तलाश करें
- **health.ny.gov** और “Medicaid Home Care Workers” (न्यूयॉर्क राज्य) की तलाश करें
- **dol.gov** और “Government Contracts” (संयुक्त राज्य अमेरिका) की तलाश करें

## ग्रोसरी कर्मचारी

यदि आप किसी ऐसे ग्रोसरी स्टोर में काम करते हैं, जो बेच दिया गया है, तो पूर्व स्वामी को स्वामित्व में बदलाव और आपके काम के अधिकारों के बारे में आपको सूचित करना ज़रूरी है। बिक्री होने के बाद, नये स्वामी को मौजूदा सारे स्टॉफ को बिक्री की तारीख के बाद कम से कम 90 दिनों तक स्टोर में काम पर लगाये रखने की आवश्यकता होती है। 90 दिनों के बाद, नया स्वामी यह निर्णय कर सकता/ती है कि वह मौजूदा कर्मियों को कर्मचारियों के तौर पर रखे या न रखे।

जानकारी के लिए या DCA के पास शिकायत दर्ज करने के लिए:

- **311** (212-NEW-YORK NYC के बाहर) पर कॉल करें।
- **grocerylaw@dca.nyc.gov** पर ईमेल लिखें
- **nyc.gov/dca** पर जाएं।

## नाबालिग

उस काम के प्रकार और घंटों पर कुछ सीमाएं हैं जो 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे करते हैं।

और जानकारी के लिए, **labor.ny.gov** पर जाएँ और “Laws Governing the Employment of Minors” (न्यूयॉर्क राज्य) की तलाश करें।

## नेल सैलून कर्मचारी

नेल सैलून के कर्मचारियों के अधिकारों का बिल नेल सैलूनों से विशिष्ट सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने और उचित वेतन का भुगतान करने की मांग करता है।

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए:

- **labor.ny.gov** पर जाएँ और “nail workers” की तलाश करें।
- **कार्य बल हॉटलाइन** को 888-469-7365 पर फोन करें।
- नेल सैलून उद्योग में दुर्व्यवहार की रिपोर्ट करने के लिए **labor.ny.gov** पर जाएँ।

## टिप प्राप्त करने वाले कर्मचारी

उन कर्मचारियों के लिए जो टिप प्राप्त करते हैं, उनके लिए विशेष वेतन दरें और नियम हैं। इन दरों का उपयोग करने का पात्र बनने के लिए, किसी नियोक्ता को कर्मचारियों को अग्रिम चेतावनी देनी होगी कि वे टिप क्रेडिट का दावा कर रहे हैं, और वे आपकी टिप्स से कोई हिस्सा नहीं ले सकते।

जानकारी के लिए या शिकायत दर्ज करने के लिए, सम्पर्क करें:

**New York State Department of Labor**
888-469-7365 | labor.ny.gov

**New York State Department of Labor – NYC District Office**
212-775-3880

**U.S. Department of Labor**
866-487-9243 | dol.gov/whd

**U.S. Department of Labor – Division Office in NYC**
212-264-8185

# टिप्पणियाँ

# टिप्पणियाँ

# टिप्पणियाँ

# DCA का श्रम नीति और मानक कार्यालय

कामगारों के लिए शहरी सरकार में समर्पित आवाज़ है। OLPS को कमज़ोर कामगारों की सहायता करने का काम सौंपा गया है और यह प्रवासियों, अलग चमड़ी के रंग वाले लोगों और कार्यस्थल में महिलाओं को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हमारे आदेश को अपनाता है।

OLPS:

- मुख्य नगरपालिका कार्यस्थल कानून **लागू करता है**।
- मौलिक अनुसंधान, पहुँच और शिक्षा **संचालित करता है**।
- **ऐसी नीतियाँ विकसित करता है** जो न्यूयॉर्क नगर की विकसित हो रही अर्थव्यवस्था और कार्यबल के प्रति उन्मुख हों।

**Consumer Affairs**

Bill de Blasio
Mayor

Lorelei Salas
Commissioner

*NYC उपभोक्ता मामलों का विभाग (DCA) संपन्न समुदाय बनाने के लिए न्यूयॉर्क वासियों की रोजमर्रा की आर्थिक जिन्दगियों का संरक्षण करता और उसे बेहतर बनाता है। श्रम नीति एवं मानक के हमारे कार्यालय के काम के माध्यम से, DCA कामगार परिवारों को वित्तीय स्वास्थ्य और काम और जीवन में संतुलन प्राप्त करने के लिए उनकी जरूरत के उपकरण और संसाधन उपलब्ध करवाकर सशक्त बनाता है।*

06/2018